struct an Express Highway in Haryana in view of its strategic situation; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

**गुजरात में सड़कों और पुलों का विकास**

1317. **श्री रामसिंह राठवा**: क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात को पिछले तीन वर्षों के दौरान राज्य की आर्थिक महत्व वाली अन्तर्राज्यीय सड़कों/पुलों के लिए कोई सहायता नहीं दी गयी है;

(ख) यदि हां, उसके क्या कारण हैं, और;

(ग) सड़कों/पुलों के आर्थिक महत्व को निर्धारित करने का मापदंड क्या है ?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर)**: (क) और (ख) जी, हां। आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि में केन्द्रीय सैक्टर की सड़कों के लिए कार्यक्रम हेतु सीमित निधियां आबंटित होने के कारण राज्यों में कुछेक प्राथमिकताओं के अध्यधीन केवल कुछ चुनिंदा परियोजनाओं पर ही कार्य शुरू करना संभव हो सकेगा।

(ग) विस्तृत मापदंड निम्नानुसार है :—

(i) नए क्षेत्र खोलने के लिए, जहां निकट भविष्य में रेल सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा सकीं, यथासंभव सड़क/पुल बनाना; और

(ii) ऐसी सड़कें/पुल जो तीव्र आर्थिक विकास में बहुत अधिक सहायक हों, अर्थात् पहाड़ी क्षेत्रों तथा उन स्थानों में जहां पर्याप्त खनिज सम्पदा प्राप्त हो सकती हो।

**Modernisation of Ports**

1318. SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state :

(a) the details of the financial position of major ports;

(b) whether Government propose to increase the capacity of the major ports;

(c) if so, the details thereof;

(d) details of the programme for modernisation of these ports;

(e) whether there is a proposal to develop Malvan (Distt. Sindhudurg, Maharashtra) as a port; and

(f) if not, the reasons thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) All the major ports in the country are now earning Operating Surplus. During 1991-92, the major ports earned an Operating Surplus of Rs. 346.12 crores.

(b) and (c) Yes, the existing capacity of major ports is proposed to be enhanced from 171.03 million tonnes per annum to 237.09 million tonnes by the end of 8th Five Yeer Plan 1992-97.

(d) An outlay of Rs. 2984.00 crores has been provided in 8th Five Year Plan 1992-97 for development and modernisation of Major Ports.

(e) and (f) No such proposal has so far been received by Government.

**गुजरात में नए राष्ट्रीय राजमार्ग**

1319. **श्री रामसिंह राठवा :**
**श्री विट्ठलभाई मोतीराम पटेल :**
**श्री राजू भाई ए. परमार :**

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को गुजरात राज्य में नए राष्ट्रीय राजमार्गों के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) उन सड़कों के जिलेवार नाम क्या हैं जिन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किये जाने का प्रस्ताव है;

(ग) गुजरात में आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किये जाने वाली सड़कों की संख्या कितनी है; और

(घ) इन सड़कों को कब तक राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर दिया जायेगा ?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर)**: (क) जी, हां।

(ख) से (घ) आठवीं योजना में राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए निधियों के अल्प आबंटन के कारण इस स्थिति में गुजरात सहित किसी राज्य में कोई नया राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करना कठिन है। इसलिये अभी यह नहीं बताया जा सकता कि किस सड़क को कब राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषित किया जाएगा।